**खबर संक्षेप**

## बसंत पंचमी पर त्रिपुरारी मंदिर में होंगे आयोजन

**मण्डला।** 23 जनवरी दिन शुक्रवार को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर में आजाद वार्ड के बाबाघाट स्थित त्रिपुरारी मंदिर में पूजन, हवन एवं भण्डारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। पं. संतोष शुक्ला ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन के साथ यहां मंदिर में विराजित माता महाकाली का पूजन, अभिषेक, हवन एवं भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां प्राचीन त्रिपुरारी मंदिर में पिछले साल माता महाकाली की प्राणप्रतिष्ठा की गई थी।

## 18 वर्षीय बेटी सानिया सिंगरौरे का आकस्मिक निधन



**नारायणगंज।** नारायणगंज के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी श्री अनिल सिंगरौरे की 18 वर्षीय बेटी सानिया सिंगरौरे का सुबह 7:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार 4:00 बजे स्थानीय मुक्तिधाम नारायणगंज में किया गया जिसमें ग्राम के सभी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। ज्ञात हो सानिया सिंगरौरे इस वर्ष जीव विज्ञान संकाय में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज में सर्वश्रेष्ठ अंकों से उत्तीर्ण हुई थी बहुत ही मृदुल भासी मिलनसार बिटिया को खोकर सभी की आंखें नम थी सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिवार में पड़े विशाल दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

**पूर्व मुख्यमंत्री के आदेशों-निर्देशों की अधिकारी कर रहे अव्हेलना**

# किन नियमों के तहत नर्मदा में हो रहा खनन

*** किसके आदेश पर नदी के अंदर बनाई जा रही सड़क और मशीनों से हो रहा उत्खनन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

*यदि प्रदेश के मुखिया यानि प्रदेश के मुख्यमंत्री कुछ कहते हैं तो उस पर अमल करना राज्य के अधिकारियों का कर्तव्य बनता है जिले के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे इन निर्देशों एवं आदेशों पर अमल करें लेकिन यदि जिले के अधिकारी राज्य के मुख्यमंत्री के आदेशों की अव्हेलना करें, उनके निर्देशों की अनदेखी करें तो यह क्या साबित करता है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि "हम नर्मदा नदी को जीवित इकाई का दर्जा देते हैं हम सब प्रदेशवासी उन्हें माँ का दर्जा देते हैं उन्हीं के शब्दों में कहें तो हम नर्मदा नदी के ऊपर रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध लगा रहे हैं नर्मदा में रेत का खनन नहीं होगा, ऐसा खनन जो नर्मदा जी के प्रवाह को नुकसान पहुंचाये, जैवविविधता उसको नुकसान पहुंचाये, उसका जो ईको सिस्टम है उसे नुकसान पहुंचाये, ऐसा खनन हम पूरी तरह से प्रतिबंधित करेंगे"*



वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इन्हीं की बातों को आगे बढ़ा रहे हैं राज्य की भाजपा सरकार हमेंशा से नर्मदा भक्त रही है और लगातार नर्मदा संरक्षण के प्रयासों में काम करती रही है। तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तो नर्मदा सेवा यात्रा निकालकर नर्मदा के तट से 05 किलोमीटर तक शराब के विक्रय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया था जो आज भी कामय है।

वर्तमान मुख्यमंत्री नर्मदा परिक्रमासियों के लिये सुगम पथ एवं उनके विश्राम आदि की सुविधाओं को लेकर लगातार गांव-गांव सर्वे एवं बैठकें कराते रहे हैं। परिक्रमावासी संतों के साथ उन्होंने भी माँ नर्मदा की सेवा की है और आगे भी करने का संकल्प लेते हैं ऐसे नर्मदा भक्त सरकार के मुखिया की बातों पर यदि जिले के अधिकारी अमल न करें तो प्रश्न उठना लाजमी है।

आखिर क्या कारण है कि रेत ठेकेदार द्वारा नर्मदा नदी से न केवल रेत निकाली जा रही है बल्कि मशीनों के माध्यम से निकाली जा रही है रेत उत्खनन की अनुमति देते समय यह स्पष्ट रूप से कहा जाता है कि नदियों के स्वरूप में कोई छेड़छाड़ नहीं की जायेगी लेकिन यहां तो नर्मदा नदी के प्रवाह को ही परिवर्तित किया जा रहा है सैकड़ों ट्राली मिट्टी-मुर्रम डालकर नर्मदा के प्रवाह को रोका जा रहा है और नर्मदा नदी के अंदर रास्ता बनाकर उस पर भारी भरकम वाहनों की आवाजाही की जा रही है। यह सब कुछ प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है लेकिन न तो कोई अधिकारी रेत ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करते और न ही माँ नर्मदा के सम्मान के साथ इस तरह का जो खिलवाड़ हो रहा है उसे ही रोकते। नियम विरूद्ध नर्मदा नदी में हो रहे उत्खनन को लेकर आखिर शासन-प्रशासन की क्या मजबूरी है जो वे रेत ठेकेदार पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। भले ही माँ नर्मदा के आस्तित्व के साथ खिलवाड़ हो, नर्मदा भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचे, नर्मदा संरक्षण ठेंगे पर हो और नियम कानून की धज्जियाँ उड़े लेकिन शासन-प्रशासन मूक बना रहेगा।




मण्डला-डिण्डौरी सड़क पर बकछैरादौना में नर्मदा मैया की अविरल धारा को रोककर करीब एक किमी कच्ची सड़क बना ली गई है और आगे तक खुदाई के लिए दो पोकलेन मशीन लगी हुई जो दिन रात नर्मदा की गहराई से रेत खनन रही है। रेत का खनन उन स्थानों पर भी हो रहा है जहां तक खदाने स्वीकृत नहीं है इसके बावजूद शासन प्रशासन ऐसे अवैध खनन को रोकने में पूरी तरह नाकाम है।

जानकारी के अनुसार बकछैरादौना ग्राम में पहले कुछ ग्रामीणो के द्वारा ट्रेक्टर लगाकर रेत की निकासी की जाती थी अब वांशिका कंस्ट्रक्शन बेखौफ मशीने लगा कर खनन कर रही है। मनमानी की कोई हद नहीं है। नर्मदा नदी धारा को मोड़कर करीब एक किमी लंबी कच्ची सड़क बनाकर दो मशीन लगा खनन किया जा रहा है। यह कच्ची सड़क की लंबाई हर सप्ताह बढ़ती जा रही है।

### वन विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में

नर्मदा नदी से रेत भरकर डम्फर जिस रास्ते से आ रहे हैं वह वन विभाग का क्षेत्र बताया जाता है लेकिन वन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि यह राजस्व की भूमि है हमारा अधिकार क्षेत्र नहीं है वहीं दूसरे अधिकारी यह कहते हैं कि अभी यह जांच का विषय है जांच की जायेगी तब ज्ञात होगा कि किसकी भूमि है कोई कहता है कि वन विभाग द्वारा एनओसी दी गई है आखिर वन विभाग स्पष्ट रूप से क्यों नहीं बताता कि यह भूमि उनकी है अथवा नहीं क्या उन्होंने एनओसी जारी की है और यदि जारी की है तो किन नियमों के तहत और किस आधार पर।

# जांच के नाम पर जिला पंचायत में गड़बड़झाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायतें हों या फिर निर्माण एजेंसी द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच को लेकर जो खेल जिला पंचायत में खेला जा रहा है उसमें जिला पंचायत के कर्मचारी तो मालामाल हो रहे हैं लेकिन पंचायती राज व्यवस्था और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन पर गहरा आघात हो रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा पर यह आरोप लगाये गये कि उनके द्वारा वर्ष 2024-25 में ग्रेबल मार्ग, पुलिया, घाट, नहर निर्माण आदि कार्यो के लगभग 02 अरब के टेंडर लगाकर कार्य करना बताया गया किन्तु प्रत्येक टेंडर में 10 से 15 लाख का कार्य कराकर शेष राशि फर्जी मेजरमेंट के जरिये हड़प ली गई। उक्त शिकायत पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने एक कमेटी गठित की जिसे 10 दिनों में जांच कर प्रतिवेदन देना था यह पत्र 02 जुलाई 2025 को जारी किया गया लेकिन आज तक न तो जांच की गई न ही प्रतिवेदन पेश किया गया और न ही शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी दी गई। इसी तरह ग्राम पंचायत तिलईपानी के सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, स्थानांतरण करने, दण्डित करने एवं हटाने से संबंधित पत्र जनपद सीईओ द्वारा जिला पंचायत सीईओ को फरवरी 2025, दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 को पत्र दिये गये जिसमें सचिव द्वारा जो नियमों की अनदेखी और भुगतान में भ्रष्टाचार किया गया उसका तथ्यों के साथ उल्लेख किया गया था लेकिन आज दिनांक तक जिला पंचायत के द्वारा इन पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई यहां तक कि जिला पंचायत के कर्मचारी यह भी कहते हैं कि इस तरह का कोई पत्र जिला पंचायत को प्राप्त ही नहीं हुआ अब या तो जनपद के सीईओ झूठ बोल रहे हैं या फिर जिला पंचायत के कर्मचारी।

# अनाज दलहन एवं तिलहन व्यापारी संघ मंडला द्वारा रेल विकास को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

अनाज दलहन एवं तिलहन व्यापारी संघ, मंडला के प्रतिनिधिमंडल ने मंडला संसद माननीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी एवं मंडला विधायक एवं कैबिनेट मंत्री माननीय श्रीमती संपतिया उईके जी से रेल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मंडला भाजपा कार्यालय मे चर्चा की।

व्यापारी संघ के सदस्यों ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर पिट लाइन, स्टेबलिंग लाइन, वॉशिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो के निर्माण की मांग रखते हुए बताया कि कोचिंग डिपो



बनने से मंडला क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन एक निरीक्षण एवं अनुरक्षण केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है, जहाँ दुर्घटनाग्रस्त कोचों का मेंटेनेंस किया जा सकेगा। जिसे मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन की एक नई पहचान बनेगी।

व्यापारी संघ ने यह भी बताया कि मंडला में कोचिंग डिपो बनने से रेलवे ट्रैफिक पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि ट्रेन मूवमेंट मेन लाइन से अलग रहेगा। उदाहरण के तौर पर रीवा स्टेशन का उल्लेख किया गया, जहाँ रीवा भी एक टेमिनल स्टेशन है वहां पर पिट लाइन, स्टेबलिंग लाइन, वॉशिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो बना हुआ है जिससे वहां से लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन एवं मेंटेनेंस सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

संघ ने यह मांग रखी कि मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर कोचिंग डिपो का निर्माण शीघ्र किया जाए। इस पर माननीय सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी ने आश्वस्त किया कि उन्होंने इस विषय में रेलवे बोर्ड से स्पष्ट रूप से कह दिया है कि कोचिंग डिपो का निर्माण मंडला में ही किया जाए, और उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि यह परियोजना मंडला में ही स्वीकृत होगी। साथ ही मंडला फोर्ट को एक विकसित टर्मिनल स्टेशन के रूप में स्थापित करने की बात भी कही।

माननीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके जी ने भी पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि पिट लाइन ,स्टेबलिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो मंडला में ही बनेगा और इसे टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज में दिनांक 21 जनवरी 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज के विनोद कुमार मरावी द्वारा जनपद सभा कक्ष में समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई समीक्षा बैठक में सहायक यांत्रिक उप यांत्रिक पीसीओ एडीओ सचिव रोजगार सहायक मोबाइलजर एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय की निर्माण की प्रगति मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य मजदूरी भुगतान लेबर बजट समग्र पेंशन की समीक्षा एवं नवीन पेंशनरों को जोड़ने के निर्देश दिए गए समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी नवागत सीईओ विनोद कुमार मरावी खंड पंचायत अधिकारी राम्मू सिंह मरावी सहायक यंत्री बसंत मरकाम एपीओ पंकज साहू बीसी पीएम एवाय आशीष पांडे बीसी एमबीएम संतोष मेशम एवं समस्त पंचायत के सचिव रोजगार सहायक मोबाइल करे एवं जनपद पंचायत के अधिकारी की उपस्थिति रही।



**नर्मदा पुराण** | **ग्राम सागर में पुराण आयोजन में श्रद्धा भक्ति और आस्था अद्भुत संगम।**

# नर्मदा पुराण में गूंजी सिद्धिदात्री माँ नर्मदा की महिमा

*** दिवाकर शास्त्री जी ने बताए दुर्लभ तीर्थों के रहस्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ग्राम सागर में चल रहे भव्य नर्मदा पुराण आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नर्मदा पुराण का यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं रायल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें मां नर्मदा की दिव्य प्रतिमा की विधिवत स्थापना कर प्रतिदिन कथा का श्रवण कराया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां नर्मदा की महिमा को भावविभोर होकर सुना।





कथा वाचक पं. दिवाकर शास्त्री जी ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचन में बताया कि मां नर्मदा साक्षात सिद्धिदात्री हैं, जो अपने भक्तों को सिद्धि प्रदान करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि समस्त देवी-देवता किसी न किसी रूप में मां नर्मदा की शरण में विराजमान हैं और नर्मदा तट पर किया गया पूजन, दान एवं स्मरण अनंत पुण्य प्रदान करता है। शास्त्री जी ने कहा कि मां नर्मदा की महिमा शब्दों में वर्णित करना संभव नहीं है, क्योंकि स्वयं देवता भी उनकी आराधना करते हैं।



कथा के दौरान पं. दिवाकर शास्त्री जी ने एक प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार शिव मंदिर में दीप प्रज्वलित करने से कुबेर को महान फल की प्राप्ति हुई। उन्होंने बताया कि प्रसन्न होकर मां नर्मदा के तट पर कुबेर ने 'कुबेर भंडारी' नामक तीर्थ की स्थापना की, जिसके फलस्वरूप उन्हें यक्षों के राजा एवं धन के देवता का पद प्राप्त हुआ। यह प्रसंग यह दर्शाता है कि मां नर्मदा की कृपा से साधारण कर्म भी असाधारण फल प्रदान करते हैं।

कथा में बुद्ध घाट की महिमा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। पं. दिवाकर शास्त्री जी ने बताया कि बुद्ध घाट पर शिवजी का विधिपूर्वक पूजन करने से शारीरिक कष्ट, रोग एवं मानसिक पीड़ाएं दूर होती हैं और भक्तों को आरोग्य एवं शांति की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में उन्होंने इंद्र से जुड़ी कथा का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वर्ग के राज्य पद पर सदा बने रहने की कामना से इंद्र ने मां नर्मदा के पावन तट पर जबलपुर स्थित लम्हेता घाट में इंद्रेश्वर महादेव की स्थापना की, जिससे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और इंद्र को सदा स्वर्गाधिपति बने रहने का वरदान प्रदान किया। आज भी उस घाट पर इंद्र के ऐरावत हाथी के पदचिन्ह विद्यमान हैं।

कथावाचक पं. दिवाकर शास्त्री जी ने बताया कि मां नर्मदा के पावन तट पर 60 करोड़ 67 हजार 313 तीर्थ विराजमान हैं और प्रत्येक तीर्थ में स्नान, दर्शन एवं पूजन से पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए और मां नर्मदा के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। नर्मदा पुराण आयोजन ग्राम सागर में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

आयोजकों ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लें।

# सामाजिक सदभावना के साथ सिंधी प्रीमियर लीग का शुभारंभ 23 जनवरी से

*** आयोजित खेल प्रतियोगिता को लेकर युवाओं के साथ बच्चों में भी उत्साह, खेल प्रतिभा के साथ उतरेंगे खिलाड़ी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल मंडला के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जनवरी शुक्रवार से होने जा रहा है।इसमें सिंधी समाज के युवा खिलाड़ियों के प्रयास से मंडला में दूसरी बार रात्रिकालीन क्रिकेट मैचों की श्रृंखला कराई जा रही है। पौड़ी महाराजपुर में निर्मित खेल परिसर में सायंकालीन एवं रात्रिकालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों की सहभागिता हो रही है। खास बात यह है कि इसमें युवाओं के साथ-साथ बड़ी उम्र एवं छोटी उम्र के सदस्य भी खेल में शामिल हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, महानगरों में हो रहे सिंधी प्रीमियर लीग आयोजन से प्रेरणा लेकर मंडला में यह प्रतियोगिता प्रारंभ की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक सदभावना और युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रत्येक टीम के लिए आठ खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित की गई है, लीग मैच एवं क्वार्टर फाइनल प्रत्येक टीम के लिए 8-8 ओवर का खेल होगा, इसके साथ ही सेमीफाइनल और फाइनल प्रत्येक टीम के लिए 10-10 ओवर का मैच होगा।

### प्रतियोगिता में यह टीम हो रहीं शामिल

श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग में कुल 12 टीम सहभागिता कर रही हैं। इसमें सेवेजर्स टीम,बम्हनी ब्लास्टर, रो-को ब्लास्टर,वी एट टीम,वननेस टीम, एलाइट एट टीम, सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स, फैन्सी एट टीम, सत्ते पे सत्ता टीम, मंडला स्टार्स टीम, रॉयल सिंधी वारियर्स, सिंधी चैलेंजर्स टीम शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

## खबर संक्षेप

### शराब नहीं पिलाने पर की दी मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम इमलिया राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह चीचली तिरहा के पास से सब्जी लेकर अपने घर जा रहा था उसी दौरान रास्ते में रज्जू धानक व संतोष धानक मिले और शराब पिलाने के लिये कहने लगे। जब प्रार्थी द्वारा कहा कि पैसे नही है मै शराब नही पिला सकता हूं तो इसी बात को लेकर दोनों मिलकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो दोनों ने मिलकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लडकी से बात करने को लेकर मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा निवासी शहर के महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं पी जी कालेज के ग्राउण्ड में खड़ा था । तभी मेरे पास एक लड़की आकर स्टेशनरी के बारे में पूछने लगी, जिसे में पहले से नही जानता था तभी कलेज के बाहर से दो लड़के आये और प्रार्थी से बोले कि इस लड़की से बात क्यो कर रहा था और इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**चीचली।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपने घर पास बने हुये खेरापति मंदिर के समीप भतीजे गोपाल प्रजापति के साथ खड़े होकर बात कर रहा था तभी मोहल्ले का उमाशंकर कौरव आया और बोलने लगा कि यहां खड़े होकर बात मत करो तो मैं अपने भतीजे गोपाल के साथ बातचीत करते हुये रोड़ तरफ निकल गये। इसके बाद जब प्रार्थी अपने घर के सामने पहुंचा तो वहां पर उमाशंकर कौरव उसका भाई गंगाराम कौरव मिले और उमांशकर द्वारा गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया गया। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो उमा शंकर द्वारा ईट के पत्थर से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सिहोरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि उसका छोटा भाई अनुराज उर्फ अन्नु जाटव एवं उसका दोस्त प्रेमलाल जाटव दोनों अपनी सीटी 100 मोटर साईकल से ग्राम बोहानी से गाडरवारा जा रहा थें। जब वह कौडिया शुगर मिल के पास पहुच तभी सामने तरफ से एक लाल रंग की सीटी 100 मोटर साईकल क्र.MP49MR2386 के चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई।

लक्ष्मी नारायण की भक्ति में लीन होकर महिलाओं ने किया मनमोहक नृत्य, आज से बहेगी नगर के आजाद वार्ड में धर्म की गंगा...

# महायज्ञ शुभारंभ होने के पूर्व निकाली गई ऊंट नृत्य के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा ने रचा इतिहास





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर में आये दिन धार्मिक आयोजनों होते हुये देखे जाते है। मगर जिस प्रकार से नगर की इन्द्रा कालोनी आजाद वार्ड में पहली बार आयोजित हो रहे चार वेद, 18 पुराण व 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सहित भागवत कथा एवं रामकथा के आयोजन को लेकर जिस प्रकार से नगर के लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है। इसी का परिणाम है कि जहां संपूर्ण नगर इस समय भगवान की भक्ति में लीन होकर नगर की सड़के धर्म ध्वजाओं से सजी हुई नजर आने से नही चूक रही है। वही दूसरी महायज्ञ शुभारंभ के पहले जिस तरह से कलश यात्रा निकाली गई इस तरह की कलश नगर में इसके पहले न देखने मिली होगी और न ही शायद अब कभी मिल पायेगी..? क्योंकि ऊँट नृत्य के बीच निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा जहां इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूकेगी। वही दूसरी ओर जिस तरह से इस कलश यात्रा में जन समुदाय उमड़ते हुये देखा गया उसके चलते बुधवार को सुबह का वक्त धर्ममय होते हुये देखने मिला। नगर की नई इन्द्रा कालोनी आजाद वार्ड में आज 22 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में अनेक संतों का आगमन हो रहा है। वही अनेक संत पधार चुके है। मुख्य रूप से कथा वाचक के रूप में पधारे हुये वृंदावन धाम आचार्य प्रदीपमणि द्वारा जहां प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण लीलाओं का वर्णन सुनायेगे। वही आज 22 जनवरी और कल 23 जनवरी को शाम 7 बजे से रामकथा वाचक जगतगुरू रामानंदचाय्र महाराज द्वारा भगवान राम की कथा सुनाएगे। कहा जाता है कि जगतगुरू रामानंदाचार्य द्वारा जिस तरह से भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन अपनी मृतमय वाणी से सुनाते है तो संपूर्ण पंडाल में जोश आ जाता है और लोग भगवान की भक्ति में लीन होने से नही चूकते है। वही रामकथा वाचक संत विपिन बिहारी महाराज सागर द्वारा 24 जनवरी से 28 जनवरी तक शाम 7 बजे से भगवान श्रीरामजी की कथा सुनायेगे। वही कार्यक्रम में श्रीश्री 1008 जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज कामदगिरी पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम उ. प्र. पधार रहे है। इस प्रकार से आज 22 जनवरी से शुभारंभ होकर इस श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का 29 जनवरी को हवन पूर्णाहुति होगी तथा 30 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। इस तरह कथा शुभारंभ के पूर्व नगर में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा हजारों की संख्या में महिलायों ने शामिल होकर जहां अपने सिर पर मंगल कलश लेकर जब नगर की सड़को से गुजरी तो संपूर्ण नगर आयोध्या का रूप धारण करने से नही चूका रहा था। दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान आगे आगे चल रहे ऊँट व घोडे जिस तहर से नृत्य करते हुये चल रहे थें उसके चलते भगवान श्रीराम के अश्य मेघ यज्ञ की याद को ताजा करते हुये प्रतीत दिखाई दे रहे थें। शोभायात्रा के दौरान अनेक प्रकार के फूलों से सजे हुये रथ पर सवार महान देवी स्वरूप कन्याये व संत नगरवासियों को अपना आर्शीवाद प्रदान करते हुये चल रहे थें। इस तरह नगर के स्टेशन रोड स्थित इन्द्रा कालोनी देवी मंदिर से शुरू हुई जो पलोटनगंज से होते हुये शासकीय चिकित्साल मार्ग से होते हुये विजय कालोनी शंकर मंदिर मार्ग से पानी टंकी होते हुये वापिस पलोटन गंज के बाद आयोजन स्थल आजाद वार्ड पहुंचकर कलाश शोभा यात्रा का समापन हुआ। जहां पर कथा वाचक द्वारा व्यास गाधी पर चार वेद व 108 कुण्डीय का पूजन करते हुये आर्शीवाद दिया गया। इस दौरान संतो ने कहा कि आज गाडरवारा में जिस तरह जो कलश यात्रा का स्वरूप देखने मिला है वह आज तक अन्य कही नही मिला है। गाडरवारा के इतिहास में निश्चित तौर से इस तरह की शोभायात्रा शायद ही पूर्व में कभी निकली हो..? महायज्ञ के पहले निकाली गई इस कलश यात्रा में शामिल हजारों की संख्या में पहुंची महिलाओं को आयोजन में पधारे हुये संतों द्वारा अपना आर्शीवचन देते हुये कहा कि किसी भी आयोजन की कलश यात्रा का महत्व अलग ही होता है। महिलाये जिस तरह अपने सिर पर कलश लेकर आती है उसमें भगवान का वास होता है और आज हजारों की संख्या में आयोजन स्थल तक जिस तरह भगवान को अपने सिर पर रखकर पहुंचाया है उससे ही यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब इस गाडरवारा नगर में लक्ष्मी नारायण भगवान के द्वारा शहर के आजाद वार्ड मार्ग से धर्म की गंगा बहाते हुये सुख समृद्वि का आर्शीवाद देने से नही चूकेगे। । वैसे भी देखा जावे तो इस नगर के लोग जिस तरह धार्मिक प्रवृति है उसी का परिणाम है कि इस नगर में आये दिन धार्मिक आयोजनों की धूम मची रहती है जिसके चलते अनेक संतों द्वारा इस नगर में पहुंचकर अपना आर्शीवाद देने से नही चूकते है। इस तरह नगर के निकाली गई भव्य कलश यात्रा में अपने सिर पर कलश लेकर चल रही श्रीमति शिरोमणी कहना था कि निश्चित तोर से नगर व क्षेत्र वासी बडे सौभाग्य शाली है जिन्हें भगवान श्रीराम की कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है और देश के महान संत के दर्शन व आर्शीवाद प्राप्त अवसर मिला है। इसी प्रकार से श्रीमति कमला राजपूत का कहना था कि वैसे भी देखा जावे तो इस समय जहां तहां धार्मिक आयोजन होते हुये देखे जा रहे है। मगर हमारे नगर में बुधवार दिन हम लोगों को भगवान श्रीराम की कलश यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है इससे निश्चित ही हम अपने आपकों सौभाग्य शाली मानते है। वही दूसरी ओर श्रीमति चौहान द्वारा भी हरिभूमि से चर्चा करते हुये कहा कि गाडरवारा क्षेत्र की जनता बडे ही सौभाग्य साली है जो हमें महान संतों के माध्यम से भगवान श्रीराम की कथा सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वही कलश यात्रा में शामिल श्रीमति वंदना पाठक का कहना है कि गाडरवारा में आयोजित होने वाले यह राम कथा क्षेत्रवासियों के लिये सुख समृद्वि का संदेश देने वाले साबित होने से नही चूकेगा।

## अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, शासन की योजनाएं हो रहे फेल



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हो अनेक कार्यालायो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है...? यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अनेक कार्योलयों में का यही हाल चल रहा है और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है। हालत यह बनी हुई देखी जा रही है कि जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है। यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है। लेकिन जो उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता? इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है? जिसके कारण आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम भी अधिकारियो को याद नही रहता है। जिसके कारण जनसुनवाई भी नही हो पाती है और उस दिन जनता कार्यालयो के पास अपनी समस्या को लेकर मंगलवार के दिन का इंतजार करते हुये देखा जाता है और अपना अपना काम छोड़ कर जनसुनवाई के निश्चित समय 11 बजे के पहले इन कार्यालयो में आ जाते है और साहब के आने का इंतजार करते रहते है? लेकिन जब उन्हें मालूम चलता है कि साहब अभी आये ही नही है। अगर कोई उस कार्यालय में मौके पर उपस्थित किसी चपरासी से पूछे तो वह भी यही कह देता है कि जनसुनवाई का कोई औचित्य नही रह गया है? साहब को सप्ताह के अन्य दिन वैसे ही मंगलवार का रहता है, साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है? जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे...., जिससे कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे। यदि यहां के शासकीय कार्यालयों का यही हाल रहा तो क्या शासन की योजनाएं वह जनता की समस्याओं का हल हो पायेगा...? अगर शासन प्रशासन को शासन की योजनाओ को जन जन तक लाभ पहुंचना है तो सबसे पहले अप डाउन संस्कृति पर रोक लगाना होगा? अगर इस संस्कृति पर रोक लग गई तो आम जनता के काम वाकई में समय सीमा में होने लगेगे, और आम जनता भी राहत की सांसा लेगी, ऐसी शासन प्रशासन से अपेक्षा है।

## साईकिले मिलने से छात्र छात्राओं के चेहरों पर देखने मिली अनोखी मुस्कान

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र व जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कल्याणपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को बीते हुये शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अन्य अतिथितियों की मौजूदगी में किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान कक्षा 9वी में अध्यनरत 26 बालिकाओ एवं 23 बालको को कुल 49 साइकिलें वितरित की गई। साईकिल वितरण से छात्रों के चेहरे पर नई उम्मीदें उमंग के साथ चेहरे खिल उठे साथ ही छात्रों ने कहा कि हमारी पढ़ाई में आने-जाने की दूरी अब बाधा नहीं बनेगी। छात्राओं ने बताया कि पहले उनके पास विद्यालय आने-जाने का कोई सुविधाजनक साधन नहीं था। रोजाना पैदल या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार दूरी और समय की वजह से समय पर पहुँचना मुश्किल हो जाता था, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। कभी-कभी बारिश, गर्मी या रास्ते की परेशानी के कारण उन्हें अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल मिलने के बाद उनकी दिनचर्या ही बदल गई। अब वे समय पर विद्यालय पहुँचती हैं, नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहती हैं और पढ़ाई में पहले से अधिक मन लगाकर आगे बढ़ रही हैं। साइकिल ने उनके लिए सिर्फ सफर ही नहीं आसान किया, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। सपनों को मिली नई दिशा।

## टेकापार स्कूल का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) से डॉ.अलका शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता एवं डॉ.श्रद्धा शुक्ला वरिष्ठ व्याख्याता द्वारा बीते हुये दिवस साईंखेड़ा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार का का अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान विद्यालय में पदस्थ दोनों शिक्षक नरेंद्र सिंह मालवे एवं बंशीलाल अहिरवार कक्षा में अध्यापन कार्य कराते हुए उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित पाई गई व छात्रों का शैक्षणिक स्तर संतोषप्रद पाये जाने पर प्रसंशा की गई। वही शाला का परिवेश साफ - स्वच्छ एवं आकर्षक पाया गया। शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए शैक्षणिक स्तर में अपेक्षित सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

## छात्राओं को आत्मरक्षा गुर सिखाने के साथ साथ बनाया जा रहा है जागरूक



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मध्य प्रदेश शासन के समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंड्री एजुकेशन) द्वारा संचालित बालिकाओं के लिए 'आत्मरक्षा प्रशिक्षण' विशेष योजना के अंतर्गत नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा में प्रशिक्षक दिया जा रहा है। बताया जाता है कि इस दौरान खुशबू साहू द्वारा विद्यालय की लगभग 80 छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के साथ साथ जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षक छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न तकनीकें सिखा रहीं हैं जिससे वे अचानक होने वाले किसी भी हमले से अपने आप को बचा सकें। संस्था के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे के अनुसार विभाग की उक्त योजना के माध्यम से बालिकाओं को निर्भय और निडर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे वे विकसित भारत संकल्प में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बन रही हैं बल्कि मानसिक रूप से भी सक्षम हो रही हैं। विद्यालय के खेलकूद शिक्षक मुकेश पटेल और वरिष्ठ शिक्षक विजेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में तथा समस्त स्टाफ के सहयोग से संचालित यह प्रशिक्षण निश्चित ही बालिकाओं के बहुमुखी विकास में सहायक होगा।

## नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी




**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राम नांदनेर गाडरवारा पिपरिया मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के कारण यहां से सभी प्रकार के वाहनों का निकलना होता है, वही यहां पर अपनी यात्रा करने के लिए इस मार्ग से चलने वाली बसों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम झांझनखेड़ा, मिढ़वानी, देवरी, दहलवाड़ा, छोटी बनखेड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों का आना जाना भी रहता है, मगर यात्री प्रतीक्षालय न होने से उन्हे जहां बारिश के दिनों में गिरते हुये पानी तो गर्मी के दिनों में तेज तपती हुई धूप में खड़े होकर बसो का इंतजार करने मजबूर होना पड़ता है वही चाय पान दुकानों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो सबसे अधिक परेशानी का सामना तो महिला यात्रियों के साथ मरीजों को करना पड़ती है, क्योंकि बैठने की व्यवस्था नही होने से जहां बसों के इंतजार में मरीजों को काफी समय तक खडे रहना पड़ता है, वही सड़क किनारे खड़े होने से महिलायात्रियों को असामाजिक तत्वों के छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होना पड़ता है? इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों के साथ साथ आसपास के ग्रामवासियों द्वारा बस यात्रियों की परेशानी के मद्देनजर नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण की दिशा में पहल करने के क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी है।

## मोबाईल पर आने वाली पोस्ट तथा संदेश लोगों के खातों में लगा रही सेंध, लालच के चक्कर में पड़कर लोग हो रहे बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/देवरी/मिढ़वानी।** वैसे देखा जावे तो चल रहे डिजिटल युग में मोबाईल फोन का यदि सही उपयोग किया जावे तो आमजन के लिये सबसे बडा मददगार बनने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर मोबाईल फोन में उपयोग के दौरान होने वाली चूक या फिर लालच कंगाल बनाने में भी पीछे नही रहता है? इस सच्चाई के चलते अब लोगों के लिये मोबाइल तो सिरदर्द बनते हुये देखा जाने लगा है। इस प्रकार की बातें तमाम उपभोक्ताओं के मुंह से अक्सर सुनने को मिलती रही है। सरकारी मोबाईल कंपनी के साथ अन्य किसी भी कंपनी का मोबाइल कंपनी की संचार सेवा को खरीदना अब उपभोक्ताओं को परेशानी का कारण बनता जा रहा है? क्योंकि देखा जा रहा है कि मोबाइल सेवा देने वाली कई प्रकार की कंपनियां अपना नेटवर्क खोल उपभोक्ताओं को सुविधा के नाम पर लूटने मे लगी हुई जान पड़ रही है? मोबाइल कंपनियां तरह तरह के मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं से छलावा करती है और बाद मे चार्ज के तौर पर पैसा वसूल लेते है। क्या है उपभोक्ताओं की परेशानियां- क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे शिक्षा का स्तर कम होने के कारण बड़ी आबादी को मोबाइल के बारे मे ज्यादा ज्ञान नही होता है। इसी का फायदा अधिकांश मोबाइल सेवा शुरू करने वाली कंपनियां उठाने मे लगी है। इस सबंध मे ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल मैसेज के माध्यम से रिंगटोन, डॉयलटोन या फिर क्रिकेट व अन्य खेल संबंधी जानकारी के लिए विभिन्न नंबरो को लगाने की बात कहकर पैसे काट लेती है। भेजे जाने वाले मैसेजो मे पहले तो फ्री बताकर डॉयल करने को कहते है, फिर इसकी शिकायत किए जाने पर यह कहकर पैसे काट लेते है, फिर इसकी शिकायत किए जाने पर यह कहकर बात खत्म कर दी जाती है कि अपने गलत ऑप्शन इस्तेमाल किया होगा। इतना ही नही, नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ताओं को आये दिन जूझना पड़ रहा है। कई बार इमरजेंसी कॉल करने पर भी बात नही हो पाती है, साथ ही बगैर बात किए ही बैलेंस माइनस मे बताया जाता है। नेटवर्क की समस्या खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग को उठानी पड़ती है। सभी ऑपरेटरों के यही हॉल-लोगो ने बताया कि भारत की सबसे बड़ी कंपनी कहे जाने वाले सरकारी कपंनी का तो यह हाल है कि इसके द्वारा इनकमिंग काल का पैसा भी काट लिया जाता है, बार बार इन्ही कारणो से परेशान होकर उपभोक्ताओं द्वारा इससे दूर होते जा रहे है। कंपनी द्वारा कस्टमर केयर की सुविधा केवल नाममात्र के लिए ही है। और यदि मोबाईल धारक कंपनी द्वारा दिये गये नम्बर पर शिकायत भी करता है तो उसमें कोई निवारण नही होने के कारण मोबाईल धारक लगातार परेशान हो रहे है। वही दूसरी ओर जो लोग मोबाईल के माध्यम से शोसल मीडिया का उपयोग कर रहे है और सोशल मीडिया पर आने वाले संदेशों के लालच में पड़कर वह अपने बैंक खातों में जमा राशि को गमाने से भी नही चूक रहे है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बैंको से लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर आने वाले संदेशों को लेकर आम लोगों को जागरूकर करते हुये देखा जाता है। इसके बाद भी लोगों के दिलों में उठने वाली लालच के मलाई उनके खेतों को खाली करने में चंद मिनिट लगाने से नही चूकती है..?

**न्यायालय - राजेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर म. प्र.**
प्र. क्र. ExA 28/2017
पेशी दिनांक 30.01.2026
राघवेंद्र विरूद्व धीरेन्द्र शर्मा वगैरह
प्रे. स. न. 8/2026
संख्याक 28
विक्रय उदघोषणा तय करने के लिये नियत दिन की सूचना(आदेश 21 का नियम 66)
धीरेन्द्र (मृत) के वारसान 1. श्रीमती ववीता शर्मा (पत्नि) 2. शुभम शर्मा (पुत्र), 3. पूजा शर्मा (पुत्री), 4. निरपेंद्र शर्मा (भाई ) सभी निवासी ग्राम बटेसरा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र......................निर्णीतऋणीगण
उक्त वाद में राघवेन्द्र सिंह तिहैया पिता प्रहलाद सिंह तिहैया निवासी महादेव वार्ड करेली जिला नरसिंहपुर म. प्र. डिक्रीदार ने भूमि के विक्रय के लिए आवेदन किया है, अतः आँपको यह इतिला दी जाती है कि तारीख 30.01.2026 विक्रय की उद्घोषणा के निबन्धनों को तय करने के लिए नियत की गई है। यह आज तारीख 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई
संख्याक 29 विक्रय उदघोषणा (आदेश 21 का नियम 66)
डिक्रीधारी राघवेन्द्र सिंह तिहैया पिता प्रहलाद सिंह तिहैया निवासी महादेव वार्ड करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. के द्वारा विनिश्चित 2017 के निष्पादन 28 ए संख्याक वाला वाद जिसमें राघवेन्द्र सिंह वादी था और धीरेन्द्र प्रतिवादी था।
सर्व साधारण को यह सूचना दी जाती है कि इस न्यायायल ने उपाबंध अनुसूची में वर्णित कुर्क सम्पत्ति का पार्श्व में वर्णित वाद (1) में डिक्रीदार के दावे की, जो खर्चे और विक्रय की तारीख तक के ब्याज सहित 11, 26,066/- रूपए की राशि का है, तुष्टि में विक्रय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 आदेश 21 के नियम 66 के अधीन आदेश दिया गया है।
विक्रय लोक नीलाम द्वारा किया जाएगा और सम्पत्ति अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिए रखी जाएगी। विक्रय उक्त निर्णीतऋणियों की उस सम्पत्ति का होगा जो निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित है, और उक्त सम्पत्ति से संलग्न दायित्व और दावे जहाँ तक कि उनका अभिनिश्चय किया जा सका है वे है जो हर एक लाट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।
जब तक मुल्तवी करने का आदेश न किया जाए यह विक्रय तारीख 30.01.2026 को सुबह 11 बजे न्यायालय परिसर गाडरवारा, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में प्रारंभ होने वाले मासिक विक्रय में नायब नाजिर गाडरवारा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. द्वारा उद्घोषणा की जाएगी, किंतु यदि उपर विनिर्दिष्ट ऋण और विक्रय के खर्चे किसी लाट के लिए बोली अंतिम होने के पूर्व निविदत्त या संदन कर दिए जाते है तो विक्रय बन्द कर दिया जाएगा।
विक्रय में सर्वसाधारण को या तो स्वयं या सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा बोली लगाने के लिए निमंत्रित किया जाता है। किंतु उपरिवर्णित निर्णीत लेनदारों द्वारा या उनके निमित्त लगाई गई कोई भी बोली स्वीकार नही की जाएगी और न्यायालय द्वारा पहले से दी गई अभिव्यक्त अनुज्ञा के बिना उनको किया गया विक्रय विधिमान्य न होगा।
उस सम्मति का वर्णन जिसका विक्रय किया जाना है और जहाँ एक से अधिक निर्णीतऋणी है वहां उसके साथ हर एक स्वामी का नाम - मौजा- ग्राम बटेसरा, नं. बं.-283, प.ह.नं.-81, ख.नं.-31/2 (एस), रकवा - 0.084 हेक्टेयर, नाम- धीरेन्द्र (मृत) के वारसान 1. श्रीमती ववीता शर्मा ( पत्नि ), 2. शुभम शर्मा (पुत्र), 3. पूजा शर्मा (पुत्री), 4. निरपेंद शर्मा (भाई) सभी निवासी ग्राम बटेसरा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र.
डिक्रदार द्वारा यथाकथित सम्पति का मूल्य - 7,00,000/- शब्देन - सात लाख रुपए।
सील
**(राजेश कुमार तिवारी)**
प्रथम जिला न्यायाधीश गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र. )

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई युवती, फर्जी कॉल और लिंक से खाते से उड़े 11 हजार रुपए

डिंडौरी। जिले में ऑनलाइन ठगी करने के प्रकरण प्रकाश में अक्सर आते रहते है। बावजूद इसके लोगों में जागरूकता नहीं आ पा रही है। एक ऐसा ही प्रकरण जनपद डिंडौरी अंतर्गत प्रकाश में आया है। ठगी का शिकार हुई 20 साल की युवती ने कोतवाली थाना में षिकायत की है। पीड़ति युवती ने बतलाया कि 19 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर से फोन आया। उस व्यक्ति ने बताया कि मेरे मोबाइल में 5000 हजार रुपए ऑनलाइन से डाला गया है। मैने देखा तो मेरे मोबाइल में एक लिंक आया था। मैने विश्वास करके उस लिंक पर क्लिक कर दिया। लिंक में क्लिक करने के बाद मेरे खाता में जमा 11298 रुपए में से 11000 रुपए तीन बार में 5000ए 5000 एवं 1000 रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। युवती ने धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही करने एवं उसके खाते से निकाले गए 11000 रुपए वापस दिलाने की मांग की है।

### तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ को मारी टक्कर गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़की रोड में मोटरसाइकिल चालक ने अधेड़ को टक्कर मार दीए जिससे वह घायल हो गया। जिला चिकित्सालय चैकी पुलिस को दिए कथन में जगत लाल पिता सुनाराम धुर्वे उम्र 50 वर्ष निवासी नयेगांव ने बतलाया कि मंगलवार को नर्मदा पुल पार मुड्की रोड देवरा की महावीर किराना दुकान से सामान लेकर रोड पार कर रहा था। शाम करीब 05 बजे मुडकी रोड तरफ से आ रही एक मोटर साइकिल चालक ने अपनी मोटर सायकल से मुझे टक्कर मार दियाए जिससे मैं वही रोड पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने मुझे उठाकर एक ऑटो से जिला अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया है।

### ग्राम पंचायत टिकरिया में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया आनंद उत्सव



शहपुरा . शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया में आयोजित आनंद उत्सव ने पूरे गांव को उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। उत्सव में महिलाओंए बच्चोंए बुजुर्गों और युवाओं सहित हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान गांव में सामाजिक एकताए आपसी भाईचारे और सामूहिक सहभागिता की सुंदर झलक दिखाई दी। आनंद उत्सव में ग्राम पंचायत के सरपंचए उपसरपंच सचिवए जीआरएस सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहाए बल्कि ग्रामीणों के बीच सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और सामाजिक समरसता को मज़बूत करना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामूहिक गतिविधियां और मनोरंजक आयोजन किए गएए जिनमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महिलाएं और बच्चे जहां उत्सव का केंद्र बने रहेए वहीं बुजुर्गों की सहभागिता ने आयोजन को और अधिक सार्थक बना दिया। पूरे आयोजन स्थल पर खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। ग्राम पंचायत टिकरिया से सामने आई ये तस्वीरें यह संदेश देती हैं कि जब गांव एकजुट होकर उत्सव मनाता हैए तब विकास केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रहताए बल्कि लोगों के चेहरों की मुस्कान में भी साफ नज़र आता है। आनंद उत्सव ने यह साबित किया कि सामाजिक एकता और सामूहिक खुशी ही सशक्त गांव की असली पहचान है।

# नर्मदा तट तक पहुंचा नाली का गंदा पानी परिक्रमावासियों का फूटा गुस्सा, सड़क पर दिया धरना



डिंडौरी। जिला मुख्यालय की नगर परिषद की कार्यप्रणाली से नाराज होकर बुधवार की दोपहर परिक्रवासियों को सड़क पर धरने पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। धरने का वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। देश के अलग अलग जगहों से डिंडोरी पहुंचे परिक्रमावासियों सहित स्थानीय लोगों ने बतलाया कि नर्मदागंज शांति नगर रोड में नाली का पानी सड़क से होकर डैम घाट में पहुंच रहा है। साथ ही यहां स्थित धर्मशाला में भी पानी घुस जाता हैए जिससे गंदगी के कारण परिक्रमावासियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। पिछले कई दिनों से बनी इस समस्या से नगर परिषद के जिम्मेदारों को अवगत भी कराया जा चुका है। लोगो का कहना है कि वे पिछले चार दिन से इस समस्या से संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे है। बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से परिक्रमावासियों सहित स्थानीय लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। आक्रोशित होकर लोग मां नर्मदा मंदिर के सामने सड़क में धरने पर बैठ गए। मामले की जानकारी लगने पर पहले नगर परिषद का अमला मौके पर पहुंचा एवं समझाइश देने की कोशिश कीए लेकिन प्रदर्शनकारी ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। इसके बाद एसडीओपी डिंडोरी सतीश द्विवेदी के साथ तहसीलदार डिंडोरी भी मौके पर पहुंच गए और समझाइश देकर परिक्रमावासियों को धरना समाप्त कराया। अधिकारियों ने आसपास के इलाके का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों ने इस संबंध में ठोस पहल करने का आश्वासन दिया है।



## बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा बालक छात्रावास, छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी।

शासकीय महाविद्यालय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास डिंडौरी के छात्रों ने छात्रावास में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सहायक आयुक्त के नाम आवेदन मंगलवार को दिया है। आवेदन में छात्रों ने लेख किया कि पाइप लाइनों में लीकेज होने के कारण पानी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। छात्रावास में लाइट बोर्डए गर्म पानी के लिए गीजर उपलब्ध कराने व भवन की मरम्मत करने की मांग की गई है। छात्रों ने बतलाया कि ठण्डा पानी इस्तेमाल करने से छात्रों के स्वास्थ्य में समस्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है। छात्रावास में फर्नीचर सामग्री टेबलए कुर्सियांए बेड व कम्बल की कमी होने के कारण अव्यवस्थायें फैल रही है। छात्रों के द्वारा छात्रावास की खिड़कियों की मरम्मत कराने एवं आलमारी की मांग की गई है। इसके साथ ही छात्रावास में मनोरंजन व ऑनलाइन पढ़ाई हेतु टीवी व वाई फाई की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। मौसम परिवर्तन होने के कारण उपरोक्त सभी सामग्रियों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। छात्रों ने मांग की है कि छात्रावास की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराया जाए।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, गंदगी और अमानक भोजन पर दो रेस्टोरेंट सील, राइस मिल का लाइसेंस निलंबित







डिंडोरी

जिला मुख्यालय में संचालित दो रेस्टॉरेंट में गंदगी और अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा उड़नदस्ता ने बडी कार्रवाई करते हुये दोनों रेस्टॉरेंट का लायसेंस और रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया हैए इसके साथ ही आगामी आदेश तक प्रतिष्ठानों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। टीम ने एक राईस मिल के विरुद्ध भी कार्रवाई की है। बतलाया गया है कि सात्विक भोग और थम्स कैप कैफे में अनिमितता बरती जा रहीं थीं और स्वच्छता मानकों को हासिये पर रख कर संचालन किया जा रहा था। जिसके मद्देनजर लायसेंस और रजिस्ट्रेशन निलंबित किया है। जानकारी के मुताबिक खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा उड़न दस्ता द्वारा सोमवार को जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया था। इसी कड़ी में भोपाल एवं डिंडोरी के फ्लाइंग स्कॉट टीम ने जिला मुख्यालय में संचालित रेस्टोरेंट सात्विक भोग एवं थम्स कैप कैफे का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण में भारी अनियमितता पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पाया कि रेस्टोरेंट की रसोई में अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन और खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान पाया गया कि खाद्य पदार्थों का भंडारण भी सही तरीके से नहीं किया गया। टीम ने दोनों प्रतिष्ठान में टूटे.फूटे फर्श एवं दीवारों में गंदगी पाईए खाद्य पदार्थ मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए गए। हैरत की बात यह रही कि कई खाद्य सामग्री मानव उपभोग हेतु अनुप्रयुक्त पाई गई। जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई। निरीक्षण दल ने ऐसी परिस्थितियों में निर्मित खाद्य सामग्री के सेवन से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक होने की आशंका के चलते तत्काल कार्रवाई की गई एवं सात्विक भोग रेस्टोरेंट एवं थम्स कैप कैफे का लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वही कोहका स्थित मां नर्मदा राइस मिल मे भी निरीक्षण के दौरान मिल में भारी अनियमितता एवं गंदगी पाई गई। वहीं मौके पर रखें फोर्टिफिकेशन हेतु फोर्टिफाइड राइस की बोरियां पर पक्षियों के मल पाए गए। उक्त परिसर में अस्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों का अभाव होने के कारण अभिहित अधिकारी और सीएमएचओ मनोज पांडे द्वारा मां नर्मदा राइस मिल का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही खाद्य प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक सभी कमियों को दूर कर निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जाता तब तक खाद्य सेवाएं संचालित नहीं की जाएगी। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे एवं मोहम्मद वाजिद अलीए बृजेश विश्वकर्मा एवं प्रभा सिंह टेकाम खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला डिंडोरी शामिल रहे।

# विद्यालय परिसर में घुसकर पालकों की गुंडागर्दी तीसरी कक्षा के छात्रों से मारपीट, पुलिस में शिकायत




डिंडौरी। विकासखंड अमरपुर अंतर्गत संचालित संदीपनि विद्यालय में बच्चों के बीच हुई आपसी लडाई ने बड़ा रूप ले लिया आरोप है कि एक बच्चे के पालक ने मामले को सुलझाने की बजाय स्कूल परिसर में ही गुंडागर्दी शुरू कर दीए पालक पति पत्नि ने न सिर्फ दो बच्चों से मारपीट की बल्कि स्कूल स्टाफ के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुये धमकी दी है। इस पूरी घटना के दौरान स्कूल में मौजूद छात्र.छात्रायें डर के माहौल में आ गयेए जबकि शिक्षक मामला शांत कराने की कोशिश करते रहे। घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग को दे दी गई है। सांदीपनि विद्यालय जैसे महत्वाकांक्षी स्कूलों में छात्रों के सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी में इस बावद शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया गया है रामकुमार अहिरवार द्वारा शराब पीकर सांदीपनि विद्यालय परिसर में कक्षा तीसरी के छात्र के साथ मारपीट की गई हैए शिकायत में बतलाया गया कि रामकुमार अहिरवार एवं उसकी पत्नी द्वारा विद्यालय परिसर में बगैर अनुमति के अंदर आकर तीसरी कक्षा के दो बच्चों के साथ गाली गलौच एवं लात से मारपीट की जा रही थी विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बीच बचाव किया जा रहा था जिनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने एवं एसटी एससी एक्ट लगाने की धमकी दी जा रही थी। प्राचार्य द्वारा की गई शिकायत में रामकुमार अहिरवार एवं उसकी पत्नि के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## नीलामी से मिली दुकान के सामने अवैध टपरा रखने का आरोप पीड़ित दुकानदार ने मांगा न्याय

डिंडौरी

जिले के ग्राम कसईसौंढ़ा में हाट बाजार की दुकान को लेकर हुये विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ति दुकानदार कौशल प्रसाद अहिरवार ने कलेक्टर के नाम शिकायत करते हुये न्याय की मांग की है। पीड़ति ने बताया कि दिनांक 28 अक्टूबर 2017 को समाचार पत्र और ग्राम पंचायत सचिव से मिली सूचना के आधार पर ग्राम पंचायत कसईसौंढ़ा में हाट बाजार में निर्मित दुकान की नीलामी में भाग लिया था। नीलामी में शामिल होने के लिए उन्होंने 10 हजार रुपये की अमानत राशि जमा की थी। पीड़ति के अनुसार वर्ष 2017.18 में उन्हें नीलामी के माध्यम से दुकान क्रमांक.1 आवंटित हुई थीए जिसका अनुबंध पत्र भी उनके पास मौजूद है। कौशल प्रसाद अहिरवार का आरोप है कि गांव के ही बंटी गोयल और आनंद पाटिल ने उनकी दुकान के सामने जबरन अपना टपरा रख दिया है। विरोध करने पर विवाद किया और दुकान में लगे तिरपाल व लकड़ी को नुकसान पहुंचायाए साथ ही बिजली कनेक्शन को भी क्षति पहुंचाया है। पीड़ति ने इस पूरे मामले की जानकारी ग्राम पंचायत और विकमपुर चैकी में दीए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीड़ति दुकानदार ने प्रशासन से मांग की है कि दुकान के सामने रखे गये अवैध टपरा को हटवाया जाए और उसे न्याय दिलाया जाए।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत डिंडौरी जिले के 200 तीर्थयात्री सोमनाथ यात्रा हेतु रवाना



डिंडौरी ।

मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत डिंडौरी जिले के चयनित 200 तीर्थयात्री सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु कलेक्ट्रेट परिसर डिंडौरी से रवाना हुए।रवानगी के पूर्व सभी तीर्थयात्रियों का कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डिंडोरी विधायक ओमकार मरकामए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारसए जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंहए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्तेए जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेतामए श्रीमती सारिका नायकए सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र राजपूतए पवन शर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए अपर कलेक्टर जेप्पीण यादवए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री वैद्यनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने तीर्थयात्रियों से संवाद कर उनकी यात्रा को सुखदए सुरक्षित एवं मंगलमय होने की शुभकामनाएं दीं।जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधयों द्वारा तीर्थयात्रियों को फूल मालाए नारियल साल दवा कीट देकर सम्मान के साथ भेजा । नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत तीर्थयात्रियों को डिंडौरी से बस के माध्यम से शहडोल रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया हैए जहां से वे रेल मार्ग द्वारा 21 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक सोमनाथ तीर्थ यात्रा करेंगे।उल्लेखनीय है कि योजना के तहत जिले के सात विकासखंडों एवं दो नगरीय निकाय क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों में से शासन द्वारा निर्धारित रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के अनुसार 132 पुरुष एवं 68 महिलाए कुल 200 पात्र तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है।मध्यप्रदेश शासन की यह जनकल्याणकारी योजना बुजुर्ग एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही हैए जिससे उन्हें निःशुल्क तीर्थ दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है और उन्हें धर्म लाभ प्राप्त हो रहा है।

# वन परिक्षेत्र अमरपुर में अनुभूति कार्यक्रम क्यूआर कोड स्कैन करते ही बच्चों को मिली पेड़ों



डिंडौरी। वन परिक्षेत्र अमरपुर अंतर्गत जैतपुरी कक्ष क्रमांक 288 में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अशोक कुमार सोलंकी वनमंडल अधिकारी डिंडौरी के निर्देशानुसार सुरेंद्र सिंह जाटव उपवन मंडल अधिकारी डिंडौरी के मार्गदर्शन में सिद्धार्थ तिवारी वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरपुर द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाना और बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना को प्रबल करना था। हम हैं धरती के दूत थीम के साथ यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देता हैए बल्कि बच्चों को प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के थीम के अनुसार जंगल एवं पर्यावरण के लिए कार्य करने वाले महान व्यक्तित्वों की जानकारी कार्यक्रम में दी गई। बच्चों को प्रकृति पथ भ्रमण और पक्षी दर्शन के माध्यम से पर्यावरण के जीवंत स्वरूप से परिचित कराया गया। प्राकृतिक अनुभव ने उन्हें प्रकृति के जटिल लेकिन सुंदर संतुलन को समझने का मौका दिया। कार्यक्रम में बच्चों को प्लास्टिक रहित जीवन शैली अपनाने और कपड़े के बैग का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इसके अलावाए बच्चों को पर्यावरण.अनुकूल उत्पादए जैसे कागज के पेन और कपए टी शर्टए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और अन्य प्रतिभागियों ने वनों के पारंपरिक उत्पादों की किट जो कि मध्य प्रदेश लघु वनोपज संघ भोपाल द्वारा दी गई का स्वाद चखा। जिसमें आंवला कैंडीए शहद और औषधीय चूर्ण सम्मिलित रहाए यह अनुभव वन संपदा और उसके महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में तेजी सिंह पट्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष मालती तिवारी जनपद सदस्य अमरपुर संदीप कुमार मिश्रा शिक्षक संदीपनी विद्यालय उपस्थित रहे।

**किसानों ने फसल नुकसान की भरपाई की मांग की है**

# पाइप लाइन बिछाने के नाम पर किसानों की फसल तबाह जेसीबी से खेतों में की गई खुदाई पर नाराजगी



डिंडौरी। जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सारसताल में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए जेसीबी से किसानों के खेतों में गड्ढा किया जा रहा है जिससे खेतों में खड़ी फसल चौपट हो गई है। किसानों ने फसल नुकसान की भरपाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय सारसताल में पाइप लाइन विस्तार के लिए किसानों के खेतों में गड्ढा किया जा रहा है जहां जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है जिससे गड्ढा करने के दौरान फसल तो नष्ट हो ही रही है साथ ही जेसीबी चलने से आसपास की फसल भी चौपट हो गई है। अनेकों किसानों के फसलों को काफी नुकसान हुआ है जिससे किसानों ने नाराजगी है। ग्राम पंचायत मुख्यालय में विगत दो साल पूर्व जल जीवन मिशन योजना के तहत घर.घर जल पहुंचाने के लिए टंकी सहित पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन दो साल गुजर जाने के बाद भी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिला है। घरों में पेयजल सप्लाई के लिए स्टैंड और टोंटी भी लगाई गई है लेकिन वह सिर्फ दिखावा साबित हो रही है। जबकि ग्राम में पेयजल संकट है और ग्रामीण कुआं और नदी का पानी पी रहे हैं। आलम यह है कि कुछ मोहल्ले में कुंआ भी स्थित नहीं है जिससे पेयजल के लिए दूसरे मोहल्ले में स्थित कुओं पर आश्रित हैं। ग्रामीणों की माने तो महीने भर बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जायेगा ऐसी दशा में ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पडेगा। नल जल कनेक्शन के दो साल बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है वहीं दूसरी ओर ठेकेदार द्वारा पाईप लाइन विस्तार किया जा रहा है जिसमें भी किसानों की फसलों को नष्ट किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं व्याख्यान माला का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमित ताम्रकार के मार्गदर्शन में एवं दलनायिका मनीषा राजपूत, दलनायक दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में 12 से 19 जनवरी 2026 युवा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ. रानी कुमारी, डॉ. अमित ताम्रकार, सह - प्रभारी डॉ.जी.एस.मर्सकोले उपस्थित रहे।, साथ ही दलनायिका मनीषा राजपूत, दलनायक दिनेश अग्रवाल, सहदलनायिका गरिमा पांडेय, सहदल नायक विवेक साहू, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन दलनायक दिनेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।

### सेन शक्ति महासंगठन की बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस सेन शक्ति महासंगठन की बैठक संपन्न हुई जिसमें तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अलावा नरसिंहपुर और रायसेन जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज सुधार विषयों पर ध्यान केंद्रित कराते हुए अपने अपने सुझाव रखते हुए आत्मनिर्भरता स्वाभिमान को दृष्टिगत करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरित और सुशिक्षित संस्कारवान बनाने की बात कही। प्राचीन काल से चली आ रही परंपराओं में परिवर्तन करने पर भी सभी ने सहमति जताई। तेंदूखेड़ा नगर से समाज अध्यक्ष गणेश सेन महामंत्री मनीष सेन जिला उपाध्यक्ष सरबन सेन द्वारा सभी स्वाजातीय बंधुओं का स्वागत किया। एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय माँ नर्मदा महोत्सव-2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में होगा। दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः 11 बजे मां नर्मदा शोभायात्रा, दोपहर 1 बजे अखण्ड कीर्तन, शाम 4 बजे निर्झरणी महोत्सव, शाम 7 बजे महाआरती तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## साधु संतों के अपमान से लगता है पाप: स्वामी अचलानंद जी महाराज

# कांग्रेसजनों ने धरना देकर जताया विरोध



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

बीते दिनो प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी सरस्वती महाराज के साथ हुई घटना से सम्पूर्ण जिले मे रोष व्याप्त है जिसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जा रहा है। जिसमे सभा को संबोधित करते हुए परमहंसी गंगा आश्रम के प्रभारी स्वामी अचलानंद जी महाराज ने कहा कि संत महात्माओं का अपमान करने वाले कभी भी सुखी नही रह सकते। जिसमें सत्ता के मद में जिन्होने शंकराचार्य जी का अपमान कर साधु संतो के साथ मारपीट की है। उनकों इस पाप की सजा इसी जीवन में मिलेगी। सनातन विरोधी इतनी बड़ी घटना के बाद जो मौन हैं वे भी इस पाप के भागीदार माने जायेंगे। साधु संतो से बेवजह टकराने वालों का अंजाम बहुत बुरा होगा। स्वामी अचलानंद महाराज ने कहा कि हमे राजनीति से कोई मतलब नही किन्तु हमें आप लोगों ने बुलाया तो इस मुद्दे पर मैं अपनी बात रखने आया हूं। सभी राजनैतिक दलों को चाहिए कि वे सत्ता के मद में धर्म कि अवहेलना न करें अन्यथा इसके परिणाम भुगतना पड़ेंगे क्योंकि सत्ता आती-जाती है।

### भाजपा पर उठाए सवाल

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने आरोप लगाया कि जिले के दोनों मंत्री सनातन की बात करते हैं किन्तु शंकराचार्य जी के इस मुद्दे पर वे मौन साधे हुए हैं। जिले के दोनों मंत्री स्पष्ट करें कि शंकराचार्य जी से जुड़े इस घटनाक्रम पर उनका रूख क्या है? यदि वे सनातन के साथ हैं तो सार्वजनिक रूप से बयान जारी कर उत्तरप्रदेश सरकार को पत्र लिखें अन्यथा माना जायेगा कि सनातन धर्म से उन्हें कोई लेना-देना नही। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के लिए धर्म सत्ता का साधन है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि शंकराचार्य जी हम सबके लिए सर्वोच्च हैं।

### सत्ता के नशे में शंकराचार्य जी का अपमान

जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में शंकराचार्य जी का अपमान कर रही है। गौ हत्या बंद कराने की बात करने वाले भाजपा नेताओं के संरक्षण में गाय काटी जा रहीं हैं और आज भारत गौ मांस का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। आगे कहा कि जब शंकराचार्य जी इन मुद्दों पर बात करते हैं तो उनको अपमानित किया जा रहा है। परंतु हम सब हर स्थिति में शंकराचार्य जी के समर्थन में लगातार आंदोलन करेंगे। उक्त मौके पर जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, मूरत पटेल, नितिन गोयल, भूपेंद्र शर्मा, धनीराम पटेल, मनीष साहू, आदि ने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म की बात करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल शंकराचार्य जी से माफी मांगना चाहिए। संचालन एवं आभार प्रदर्शन विनोद यादव ने किया।

### गंगाजल पिलाकर तुड़वाया अनशन उपवास

प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ की गई अभद्रता एवं साधु संतों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर नगरपालिका चैराहे पर 24 घंटे से अधिक समय तक चले उपवास सत्याग्रह बुधवार की दोपहर को परमहंसी गंगा आश्रम के प्रभारी स्वामी अचलानंद महाराज की विशेष उपस्थिति में समापन कराया गया। स्वामी अचलानंद महाराज ने उपवास पर बैठे पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, चंद्रप्रकाश यादव, अजय दुबे, विवेक पटेल आदि को गंगाजल पिलाकर उनका उपवास तुड़वाया। इस मौके पर अचलानंद महाराज ने कहा कि प्रयागराज में घटित घटना सत्ता के इशारे पर हुई है। गंगा जी में किसी को भी स्नान नही करने देना और शंकराचार्य जी का अपमान करना गौ हत्या के समान पाप है और इस पाप की सजा सात पीढियों तक दोषी को भोगना पड़ती है। अचलानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के अपमान को किसी भी स्थिति में धर्म को मानने वाला सहन नहीं करेगा। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने कहा कि इस सत्याग्रह को विभिन्न संगठनों का समर्थन मिला। किन्तु धर्म की बार-बार बात करने वाले खामोश हैं।



# लेखक का काम समाज को दर्पण दिखाना: प्रो. विकास शर्मा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

एम.आई.एम.टी. कॉलेज में आयोजित मीट दी ऑथर प्रो. विकास शर्मा कार्यक्रम का आयोजन देश के ख्याति लब्ध कवि एवं उपन्यासकार डॉ. विकास शर्मा, प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं जनरल सेक्रेटरी, दी एसोसिएशन फॉर इंग्लिश स्टडीज ऑफ इंडिया के मुख्य आतिथ्य, प्रोफेसर डॉ. स्वाती चांदोरकर, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानन्द शासकीय पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर एवं उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव की उपस्थिति में किया गया। प्रो. विकास शर्मा ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि परम्परा कोई बेड़ी नही होती और ना ही आधुनिकता कोई अनुमति पत्र होता है दोनों सहअस्तित्व में रह सकते है परन्तु यह तभी संभव हो सकता है जब चुनाव विवेकपूर्ण हो। लेखक का काम समाज को चापलूसी से बहलाना नहीं है, बल्कि उसको दर्पण दिखाना हैं। उन्होंने जेन-जी से कहा उन परंपराओं को त्यागें जो विकास में बाधक हो परन्तु उन परम्पराओं को संरक्षित कीजिए जो चरित्र को पोषित करती हो। लेखक का काम तानाशाहों व अधिनायकवादियों को रास्ता दिखाना हैं। प्रो. शर्मा ने अपने उपन्यास आल आर फायर्स का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने इस उपन्यास में यदि जेन-जी की आलोचना की है तो उसकी आलोचना में भी प्रेम है। जेन-जी की मैं मूर्खता नहीं देखता बल्कि उन्हे अग्रदूत के रूप में देखता हूॅ। यही जेन-जी वो हैं जो हमें दिषा देगी परन्तु उन्होने चेतावनी दी कि वो प्रतिद्वंद भी देखे और समाज को भी समझे। सच्चा लेखक माता पिता के समान होता है जब बच्चा भटकता है तो माता पिता ताली नहीं बजाते बल्कि उसे डांटते भी है आगे उन्होंने कहा कि मैं जेन-जी में बेहतर भारत का भविष्य देखता हूॅ, पर मुझे भय है कि उनका ध्यान भटक ना जाये। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. स्वाति चांदोरकर ने भारतीय ज्ञान परम्परा एवं नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में प्रो. शर्मा के साहित्य की उपादेयता पर विस्तार से विश्लेषण किया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने स्वागत भाषण में वर्तमान साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर अपने विचार प्रकट किए। अतिथियों का शैक्षणिक एवं साहित्यिक परिचय सहा. प्राध्यापक श्रीमती विजेता शर्मा तथा सुश्री दीक्षा केवट द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कला एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार सहा. प्राध्यापक सुश्री कृतिका झारिया द्वारा किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती पूजन एवं अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनीता रघुवंशी, सुश्री विजेता सिधना, प्रसून नेमा, श्रीमती आराधना दुबे, श्रीमती माधुरी पटवा, हेमराज सेन, मो. आशिक अली, सुयश फरसोईया, श्रीमती रश्मि दुबे, कृष्णकांत जाटव एवं महेश पाठक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## बरहटा स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विगत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन संकुल प्राचार्य शैलेंद्र कुमार बक्शी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें संकुल क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं खो खो, बैडमिंटन, कबड्डी, दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ आदि में सहभागिता कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश गिरदौनिया द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भागचंद झारिया द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि राजेश राजपूत एवं ब्रजभूषण बाजपेई के द्वारा विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन विकास गुप्ता एवं कृष्ण कुमार राजपूत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनशिक्षक दीपक दुबे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद समन्वयक, प्रतीक दुबे, ब्लॉक समन्वयक सुनील विश्वकर्मा हुकुम पटेल नहर अध्यक्ष, अंशुल बक्शी रामजी पटेल, राहुल राजपूत, दिव्यांश राजपूत, हर्ष पटेल, अनुज पटेल, वरिष्ठ समाज सेवी दशरथ कहार हायर सेकेण्डरी स्टाफ से गनी मोहम्मद बहना रामेश्वर धुर्वे सुनील दीक्षित, तरुवर पटेल, सायना बी राजेश सिगोतिया, शरद गुप्ता, ग्राम पंचायत बरहटा के सचिव पावेल सराठे एवं समस्त हायर सेकेंडरी स्टाफ एवं सभी प्राइवेट एवं अन्य शासकीय विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**तेंदूखेड़ा**

बुधवार से राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एस डी एम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना स्थल पर बैठे कृषकों का कहना है कि चिनकी बैराज परियोजना के तहत पहले समस्या ग्रस्त ग्रामों को जोड़ा जाना था लेकिन नहीं जोड़ा गया है।जिन गांवों में पेयजल की समस्या बनी हुई है वहां पर पहले पीने के पानी और सिंचाई की व्यवस्था की जाये। किसानों को खेतों में डी ए पी खाद यूरिया की समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। और बाहर विचौलियों द्वारा मनमाने दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है।विद्युत विभाग द्वारा खेतों में कृषि यंत्रों और किसानों आम उपभोक्ताओं को मनमाने तरीके से घरेलू बिजली बिलों को दिया जा रहा है। जिनमें सुधार किया जाना चाहिए।राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण बंटवारा फोती प्रकरणों में हीला हवाली की जा रही है। समय सीमा में निराकरण किया जाना चाहिए। निराश्रित आवारा मवेशियों और जंगली सुअरों जानवरों की उचित व्यवस्था की जाये समय समय पर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं।जिसका कृषकों को मुआवजा दिया जाए।किसानों को स्थानीय नदियों से रेत बजरा और मिट्टी उठाने की अनुमति दी जाये।गौ शालाओं की उचित व्यवस्थायें की जायें। किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जायें तथा एम एस पी गारंटी का कानून बनाया जाये।गन्ना नीति का प्रारुप प्रदेश स्तर पर बनें। शासकीय शुगर मिल की तेंदूखेड़ा में स्थापना हो। किसान मजदूरों को 60 वर्ष की आयु के बाद 10 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की व्यवस्था हो।किसान सम्मान निधी बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति एकड़ की जाये। मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना को पुनः शुरू किया जाये जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर बड़ी संख्या में किसान धरने पर बैठे हुए हैं। किसान संघ के सदस्यों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शासन प्रशासन ध्यान नहीं देता है तो संघ 30 जनवरी के उपरांत वृहद स्तर पर आंदोलन शुरू किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

# मुख्य सचिव ने वीसी में दिए सख्त निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को शासन द्वारा निर्धारित राहत राशि समय पर मिले, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। मुख्यसचिव अनुराग जैन ने यह निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों को दिए। स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि खनिज माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर सख्ती से कार्रवाई करें। अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन की रोकथाम हेतु निगरानी बढ़ाने तथा संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव ने लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आवेदन प्राप्त होने के बाद निर्धारित समय सीमा में सेवा प्रदान की जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यसचिव ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी किसानों को दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जागरूकता के बावजूद यदि कोई किसान पराली जलाने की घटना करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।